धामी ने मंगलवार को प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

# 15 अक्टूबर तक प्रदेश की सड़कों को किया जाएगा गड्ढामुक्तः सीएम पुष्कर सिंह धामी

देहरादून,(वीअ)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मानसून की स्थिति, चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा, आपदा प्रबन्धन, जन-जन के द्वार कार्यक्रम, सत्यापन अभियान, गड्ढा मुक्त सड़क जैसे विभिन्न विषयों पर दिशा निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दृष्टिगत सतर्कता बढ़ाते हुए आपदा प्रबंधन तंत्र को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने फोन चालू रखें और किसी भी परिस्थिति में संपर्क से बाहर न रहें। किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां सुनिश्चित की जाएं, ताकि मानसून के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून के दौरान आपदा अथवा अत्यधिक वर्षा के कारण जहां-जहां सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, मार्ग अवरुद्ध या टूटे हैं तथा ड्रेनेज सिस्टम में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हुई है, उनका जिलाधिकारी स्तर पर विस्तृत विवरण तैयार किया जाए। उन्होंने कहा ऐसे स्थानों का चिन्हीकरण कर मानसून समाप्त होते ही क्षतिग्रस्त सड़कों, मार्गों एवं ड्रेनेज व्यवस्था के पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून समाप्त होते ही प्रदेशभर की सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान शुरू किया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने जिलों में सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए समिति गठित करें और कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून समाप्त होने के बाद 15 अक्टूबर तक किसी भी स्थिति में प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम में मानसून के बाद और तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों एवं ग्रामों में अभी तक इन शिविरों का आयोजन नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये शिविर महज औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन की सुविधा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम हैं। मुख्यमंत्री ने 1905 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने राज्यभर में चल रहे सत्यापन अभियान में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं में अपात्र लोगों का चिन्हीकरण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके।

## परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं: डाक्टर कृष्णमूर्ति




अलमोडा ,(वीअ)। उत्तराखण्ड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन अलमोडा इकाई तत्वाधान में आयोजित विचार गोष्ठी मे देश के प्रख्यात मानवशास्त्री डा कृष्णमूर्ति ने कहा कि हमारी परम्परागत चिकित्सा प्रद्धतियां हजारो साल से कारगर है आज भी परम्परागत चिकित्सा पद्धतियो का कोई प्रतिकूल असर नही है।उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों मे 27 हजार दवाईया है जिन्हे याद रखना किसी भी चिकित्सक के लिये सम्भव नही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ऐलोपैथी का विकास हो रहा है त्यो -त्यो बिमारियों मे भी वृद्धि हो रही है। भारतीय परम्परा मे चिकित्सा मे लक्षण प्रमुख है जिन्हे हम कफ पित्त व वात के नाम से जानते है। उसका उपचार विविध प्रकार की बनस्पतियों से हो जाता है ।प्राचीन भारतीय परंपरा व्यक्ति की जीवन शैली के लिए महत्वपूर्ण है।परम्परागत चिकित्सा पद्धतियो का कोई साईड इफेक्ट नही ।अपने जीवन को इन परंपराओं में ढाल कर हम स्वस्थ जीवन एवं समाज का निर्माण कर सकते हैं। व्याख्यान में कहा कि व्यायाम एवं नित्य भ्रमण के महत्व को भी बताया। एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति एवं पारंपरिक भारतीय चिकित्सा का विशुद्ध वैज्ञानिक विश्लेषण किया। शारीरिक संरचना की विविध पक्षों को वैज्ञानिक ढंग से परीक्षित किया। शरीर में प्रोटीन के महत्व एवं भारतीय खानपान एवं अनाज में प्रोटीन की व्याख्या की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष जगजीवन बिष्ट ने की । संचालन प्रदेश प्रतिनिधि दयाकृष्ण कांडपाल ने किया।

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने शुरू की कांवड़ यात्रा

हरिद्वार,(वीअ)। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को हर की पैड़ी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत की। उनके साथ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज और महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज समेत कई साधु संत मौजूद रहे। सबसे पहले मंत्री रेखा आर्या ने हरकी पैड़ी पर मां गंगा को नमन किया। विधि विधान के साथ गंगा पूजन किया और जयघोष के साथ हर की पैड़ी से पैदल रवाना हुईं। कांवड़ यात्रा में कई खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। भोले के भक्ति गीतों पर कांवड़ यात्रा सुबह सवेरे हरकी पैड़ी से प्रस्थान कर गई। यात्रा से पहले खेल मंत्री रेखा आर्या ने अपने पति के साथ हरिद्वार पहुंचकर मां गंगा का पूजन अर्चन किया और देश प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज तथा निरंजनी अखाड़े के सचिव रामरतन गिरि से भेंट कर कांवड़ यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया था। रेखा आर्या हरकी पैड़ी से गंगाजल लेकर लगभग 26 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकली हैं। वो ऋषिकेश के वीरभद्र मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगी। उनके दो महत्वपूर्ण संकल्प हैं. ।वहीं साधु संतों ने मंत्री रेखा आर्या के संकल्प और भगवान शिव के प्रति गहरी भगवान शिव से कामना है कि उनके दोनों संकल्प पूर्ण हों और भारत खेल जगत में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। निश्चित रूप से रेखा आर्या देश की वीरांगना हैं, जो सनातन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहीं हैं। उनकी यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि देश में खेल संस्कृति को मजबूत करने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का संदेश भी देगी। इस संकल्प में उनके पति भी साथ हैं और पैदल कांवड़ लेकर यात्रा पर निकले हैं।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभागः Electrical (TRD) | |
| टेंडर नः T-05-TRD-MB-26-27 | |
| कार्य का नामः आगामी कुंभ मेले के लिए मुरादाबाद डिवीजन के (i) ATMO, PRI, IKK, JWP, MOTC, RKSH & LRJ पर updation और (ii) PRI, ATMO, MOTC स्टेशनों पर FOB और H/L प्लेटफॉर्म कार्य का प्रावधान के कारण ओएचई संशोधन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। | |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समयः 01.09.2026, 15:00 Hrs | |
| कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 23,76,834.34/- (Including GST@18%) | |
| बिड सिक्यूरिटी राशिः ₹ 47,500/- | |
| निविदाप्रपत्र मूल्यः NIL | |
| ऑफर की वैधता (दिन): 60 days | |
| कार्य पूरा करने की अवधिः 04 Months | |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पताः www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. | |

सं.:Elect/TRD/MB/2026-27/TN-09 दिनांक:10.08.2026 2750/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## दून अस्पताल की लिफ्ट में 12 साल के बच्चे से अश्लील हरकत का आरोप

देहरादून,(वीअ)। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, देहरादून में एक बार फिर गंभीर घटना सामने आई है। यहां मेडिसिन विभाग में भर्ती एक मरीज के साथ आए 12 वर्षीय बच्चे के साथ अस्पताल के सफाईकर्मी द्वारा लिफ्ट में अश्लील इशारे करने का आरोप लगा है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे घटी। बच्चा लिफ्ट में जा रहा था। लिफ्ट में पहले से मौजूद सफाईकर्मी ने उसके साथ अश्लील इशारे किए। लिफ्ट से बाहर निकलते ही बच्चे ने परिजनों और अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों को पूरी घटना बताई। परिजनों ने तुरंत अस्पताल प्रबंधन से शिकायत की और आरोप लगाया कि सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। परिजनों के गुस्से और आरोपों के बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैला। वीडियो में घटना से जुड़ी शिकायतें और आक्रोश साफ दिखाई दे रहा था। वहीं आरोपी सफाईकर्मी ने आरोपों को गलतफहमी बताया है। उसका कहना है कि वह बच्चे के साथ केवल मजाक कर रहा था और उसकी कोई गलत मंशा नहीं थी। प्रशासन ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज करने शुरू कर दिए हैं। बता दे कि यह घटना अस्पताल में पहली नहीं मानी जा रही। पहले भी सुरक्षा और कर्मचारी व्यवहार से जुड़ी शिकायतें सामने आ चुकी हैं, जिसकी वजह से प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं।

## श्रावण सोमवार पर परमार्थ निकेतन में सेवा, साधना और करुणा का संगम

ऋषिकेश,(वीअ)। परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में श्रावण के दूसरे सोमवार के अवसर पर रूद्राभिषेक कर विश्व शान्ति की प्रार्थ की। साथ ही कांवड़ यात्रियों की सेवा, चिकित्सा सहायता और जल मन्दिरों के माध्यम से जल सेवा निरंतर की जा रही है। प्रतिदिन लगभग दो हजार से तीन हजार कांवड़ यात्रियों को प्रतिदिन चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है साथ ही हजारों-हजारों कांवड यात्रियों को जल मन्दिरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल सेवा, परमार्थ पीठाधीश्वर, पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के आशीर्वाद से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

श्रावण के दूसरे सोमवार के अवसर पर पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि श्रावण सोमवार, शिव से जुड़ने और स्वयं से मिलने का पावन अवसर है। मन को शांत करने, चेतना को जागृत करने और भीतर के शिवत्व को अनुभव करने का दिव्य अवसर है। श्रावण की हर बूँद हमें प्रकृति, पवित्रता और जीवन के प्रति कृतज्ञता का संदेश देती है। पूज्य स्वामी जी ने कहा कि शिव बाहर नहीं, भीतर हैं। शिव को पाने के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं; बस एक क्षण ठहरकर अपने भीतर उतरना है। श्वास को महसूस करना है, मौन को सुनना है और उस चेतना को पहचानना है जो हर पल हमारे भीतर जाग रही है। श्रावण इसी यात्रा की ओर संकेत करता है, जहाँ ध्यान दूर की मंज़िल नहीं, बल्कि इसी क्षण में जागने का नाम है। जब मन शांत होता है, श्वास सजग होती है और भीतर का मौन गहराता है, तब अनुभव होता है, जिस शिव को हम खोज रहे थे, वही हमारे भीतर सदा से विराजमान हैं।

## टैक्स चोरी को रोकने के लिए एआई आधारित जांच बढाएं: बर्द्धन

देहरादून,(वीअ)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि एसजीएसटी विभाग को टैक्स चोरी को रोकने के लिए एआई आधारित जाँच बढ़ाए जाने पर काम किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में राजस्व वृद्धि के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने लक्ष्य के सापेक्ष अर्जित राजस्व की जानकारी ली एवं राजस्व वृद्धि के नवीन प्रयास एवं नवाचारों पर अधिकारियों से चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि एसजीएसटी में अभी काफी पोटेंशियल है। उन्होंने एसजीएसटी विभाग को टैक्स चोरी को रोकने के लिए एआई आधारित जाँच बढ़ाए जाने पर काम किए जाने के निर्देश दिए।


भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्जदार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्जदार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्जदार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंकज वर्मा, ज्योति वर्मा/ TBMDB00006353713 | गाटा नंबर 568, 570, मौज़ा मऊ, सहारनपुर रेलवे लाइन के दक्षिणी हिस्से में स्थित प्रॉपर्टी, मुरादाबाद- 244001/ अगस्त 06, 2026 | जून 29, 2024 रु. 24,69,871/- | मुरादाबाद/ काशीपुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 11, 2026
स्थान : काशीपुर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए


## उत्तरकाशी और टिहरी में महसूस किए गए भूंकप के झटके

देहरादून, (वीअ)। रविवार देर रात जनपद उत्तरकाशी और टिहरी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। उत्तरकाशी में 4.2 तीव्रता का तेज झटका आया, जबकि टिहरी में 2.0 तीव्रता का हल्का भूकंप दर्ज हुआ। दोनों ही जनपदों में जान-माल के किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात उत्तरकाशी में यमुना घाटी और गंगा घाटी सहित कई क्षेत्रों में भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। भूकंप का झटका इतना तेज था कि लोग तुरंत अपने घरों से बाहर आ राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी तीव्रता 4.2 बताई है। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी जिले में था।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/दिनांक | 148-DRM-MB-26-27 Date: 08.08.2026 | 149-DRM-MB-26-27 Date: 08.08.2026 | 150-DRM-MB-26-27 Date: 08.08.2026 | 151-DRM-MB-26-27 Date: 08.08.2026 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Annual repair of Bridge in the Section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN. | Zone No. 3 from Km 1327 to 1381 (DAN to MPH Stations) for General Work in Service Buildings for years 2026-27 under ADEN/BE | Raising of Existing PF No. 1 from Medium Level to High Level and PF No. 2/3 from Rail Level to High Level with Extension of PF's & Other Misc. Works in C/w MEA at CBJ Station under ADEN/BE & Civil work in C/W Provision of new FOB (3m) from PF-1 to 3 at CBJ in lieu of old FOB and other misc. works | Raising of existing rail level PF to High level PF and provision of ramp for existing FOB at AJI station under ADEN/SPN |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 02.09.2026 at 16:00 Hrs. | 02.09.2026 at 16:00 Hrs. | 02.09.2026 at 16:00 Hrs. | 02.09.2026 at 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹84,84,277.49 | ₹89,99,513.84 | ₹6,82,31,794.32 | ₹2,71,01,288.29 |
| धरोहर राशि(₹) | ₹1,69,700.00 | ₹1,80,000.00 | ₹13,64,600.00 | ₹5,42,000.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 19.08.2026 | 19.08.2026 | 19.08.2026 | 19.08.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months | 08 Months | 08 Months |

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक.: 08.08.2026 2746/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भारी वर्षा के दृष्टिगत डीएम ने की सतर्कता बरतने की अपील

हरिद्वार,(वीअ)। जनपद में हो रही भारी वर्षा के मद्देनजर डीएम मयूर दीक्षित ने डाक कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं से गंगा घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने यात्रियों से मौसम की स्थिति को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा है। डीएम ने गंगा घाटों पर तैनात सुरक्षा बलों, पुलिस जवानों एवं संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।


UTTAM SUGAR

उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड

सीआईएनः L99999UR1993PLC032518
पंजीकृत कार्यालयः गांव लिब्बरहेड़ी, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड)
फोन नंबरः 0120 – 4525000 वेबसाइट – www.uttamsugar.in, ईमेल आईडीः – investorrelation@uttamsugar.in

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण

(लाख रूपयो में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2026 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2025 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2026 12 महीने (लेखापरीक्षित) | 30.06.2026 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2025 3 महीने (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2026 12 महीने (लेखापरीक्षित) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 58846 | 60557 | 211643 | 60765 | 62996 | 220992 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व#) | 107 | 2125 | 13413 | 167 | 1939 | 13662 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद#) | 107 | 2125 | 13279 | 167 | 1939 | 13527 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद#) | 85 | 1596 | 9874 | 130 | 1453 | 10059 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इसमें अवधि के लिए लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं)] | 120 | 1620 | 10002 | 164 | 1478 | 10188 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 10/–) | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 | 3,813.81 |
| 7 | अन्य इक्विटी (जैसा पिछले वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र में दिखाई गई है) | | | 82,599 | | | 83,839 |
| 8 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक रु. 10/–) (जारी और समाप्त परिचालनों के लिए) – | | | | | | |
| | 1. मूल (रुपयों में): | 0.22 | 4.18 | 25.89 | 0.32 | 3.82 | 26.30 |
| | 2. परिसमाप्त (रुपयों में): | 0.22 | 4.18 | 25.89 | 0.32 | 3.82 | 26.30 |

नोटः
1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.uttamsugar.in) पर उपलब्ध है।
2) समेकित वित्तीय परिणामों में सहयोगी कंपनी अर्थात उत्तम डिस्टिलरीज़ लिमिटेड शामिल हैं।
3) #इंड–एएस नियम / एएस नियमों के अनुसार लाभ और हानि के बयान में समायोजित असाधारण और / या असामान्य मदें, जो भी लागू हो।

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 10 अगस्त, 2026

कृते उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(राज कुमार अदलखा)
प्रबंध निदेशक



महत्वपूर्ण सूचना

कांवड़ मेला-2026 के लिए विशेष व्यवस्था

कांवड़ मेला–2026 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नए ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 74023 आगमन | रेलगाड़ी सं. 74023 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 74022 आगमन | रेलगाड़ी सं. 74022 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | --- |
| दिल्ली जं.–शामली के बीच कोई परिवर्तन नहीं | | | | |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:11 | 05:12 |
| 23:44 | 23:45 | रामपुर मनिहारान | 04:47 | 04:48 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी जं. | 04:32 | 04:33 |
| 00:56 | 00:58 | रूड़की | 04:03 | 04:05 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | --- | हरिद्वार | --- | 03:05 |

चलने के दिनः 74023 दिल्ली जं. से दिनांक 13.08.2026 तक (प्रतिदिन) और 74022 हरिद्वार से दिनांक 14.08.2026 तक (प्रतिदिन)।
स्थानः सामान्य

रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 64557 आगमन | रेलगाड़ी सं. 64557 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 64558 आगमन | रेलगाड़ी सं. 64558 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 16:15 | दिल्ली जं. | 08:45 | --- |
| दिल्ली जं.–सहारनपुर के बीच कोई परिवर्तन नहीं | | | | |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रूड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | --- | हरिद्वार | --- | 02:00 |

चलने के दिनः 64557 दिल्ली जं. से दिनांक 13.08.2026 तक (प्रतिदिन) और 64558 हरिद्वार से दिनांक 14.08.2026 तक (प्रतिदिन)।
स्थानः सामान्य

मेला विशेष रेलगाड़ियों का निम्न समय-सारणी के अनुसार संचालन

04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली शाहदरा-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04314 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04314 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04313 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04313 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:30 | हरिद्वार | 04:25 | --- |
| 20:40 | --- | दिल्ली शाहदरा | --- | 22:25 |

चलने के दिनः 04314 हरिद्वार से और 04313 दिल्ली शाहदरा से दिनांक 13.08.2026 तक (प्रतिदिन)। स्थानः शयनयान/सामान्य
ठहरावः ज्वालापुर, रूड़की, टपरी जं., मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी एवं गाजियाबाद स्टेशन।

04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04316 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04316 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04315 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04315 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | --- |
| 03:50 | --- | दिल्ली शाहदरा | --- | 04:20 |

चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 13.08.2026 तक (प्रतिदिन) और 04315 दिल्ली शाहदरा से दिनांक14.08.2026 तक (प्रतिदिन)।
स्थानः शयनयान/सामान्य
ठहरावः रायवाला जं., मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रूड़की, टपरी जं. एवं शामली स्टेशन।

04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष (प्रतिदिन)

| रेलगाड़ी सं. 04318 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04318 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04317 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04317 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | --- |
| 10:45 | --- | आलमनगर | --- | 12:05 |

चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश से दिनांक 28.08.2026 तक (प्रतिदिन) और 04317 आलमनगर से दिनांक 29.08.2026 तक (प्रतिदिन)।
स्थानः शयनयान/सामान्य
ठहरावः रायवाला जं., मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर जं., बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, रामपुर जं., बरेली एवं शाहजहाँपुर जं. स्टेशन।

दिनांक 13.08.2026 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | आवृति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज–देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला जं. | 11:14 | 11:16 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| 14114 देहरादून–सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला जं. | 14:10 | 14:12 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 लक्ष्मीबाई नगर–योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस | सप्ताह में 2 दिन | रायवाला जं. | 17:35 | 17:37 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| 14310 योग नगरी ऋषिकेश–लक्ष्मीबाई नगर एक्सप्रेस | सप्ताह में 2 दिन | रायवाला जं. | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 लक्ष्मीबाई नगर–योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस | सप्ताह में 2 दिन | रायवाला जं. | 17:35 | 17:37 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| 14318 योग नगरी ऋषिकेश–लक्ष्मीबाई नगर एक्सप्रेस | सप्ताह में 2 दिन | रायवाला जं. | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा–देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला जं. | 17:35 | 17:37 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| 19566 देहरादून–ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला जं. | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 तिरुवनंतपुरम–योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला जं. | 13:04 | 13:06 |
| | | मोतीचूर | 12:52 | 12:54 |
| | | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश–तिरुवनंतपुरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला जं. | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| | | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली–दिल्ली जं. पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली जं.–बरेली पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |
| 14815 श्रीगंगानगर–ऋषिकेश एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला जं. | 14:16 | 14:18 |
| | | मोतीचूर | 13:54 | 13:56 |
| | | ज्वालापुर | 13:24 | 13:26 |
| 14816 ऋषिकेश–श्रीगंगानगर एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला जं. | 13:35 | 13:37 |
| | | मोतीचूर | 14:02 | 14:04 |
| | | ज्वालापुर | 14:28 | 14:30 |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2753/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ